केन्द्र की जन एवं श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ श्रमिक संगठनों का प्रदर्शन

बीकानेर, (कासं)। केन्द्र सरकार की जन एवं श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ 17 सूत्री मांगों को लेकर दस केन्द्रीय श्रमिक संगठनों एवं सैकड़ों स्वतंत्र ट्रेड यूनियनों के आव्हान पर देशभर के करोड़ों कामगार, कर्मचारी एवं अधिकारी 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल हुई।

हड़ताल में देश 30 करोड़ से अधिक कर्मचारी व किसान, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों ने श्रमिक विरोधी कानून के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी, प्रदर्शन कर शामिल हुए। बीकानेर में संगठन बैंक, बीमा, सामान्य बीमा, राज्य, रेल, शिक्षा, केन्द्र, बीएसएनएल, आयकर, पोस्ट ऑफिस, कोयला, रक्षा, आशा, उषा, आंगनबाडी, मध्यान भोजन कर्मी, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, खेत, खदान, खलियान, भवन निर्माण, सार्वजनिक उपक्रमों एवं अन्य संस्थानों में कामकाज ठप्प रहा।

संयोजक वाई. के. शर्मा ने बताया कि ये हड़ताल विश्व की सबसे बड़ी आम हड़तालों में से एक है। एआईबीईए से रामदेव राठौड़, जे. पी. वर्मा, जयशंकर खत्री. एटक से अब्दुल रहमान कोहरी, अविनाश व्यास, प्रसन्न कुमार, इंटक से अशोक पुरोहित, महेन्द्र देवड़ा, हेमंत किराडू, सीटू से मूलचंद खत्री, गिरधारी शर्मा, पृथ्वी लेघा, एच एम एस से ब्रजेश ओझा, प्रमोद यादव जनवादी महिला से सीमा जैन ने हड़ताल की प्रमुख मांग के बारे में जानकारी दी।

केन्द्र सरकार की जन एवं श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ बीकानेर में श्रमिक संगठनों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर विरोध जताया।

अखिल भारतीय आम हड़ताल में ऑल इंडिया बैंक एम्प्लायज एसोसिएशन के अलावा बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों की निम्न ट्रेड यूनियंस-ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन, बैंक एम्प्लायज फैडरेशन ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लायज एसोसिएशन, ऑल इंडिया एल आई सी एम्प्लायज फैडरेशन और जनरल इंश्योरेंस एम्प्लायज ऑल इंडिया एसोसिएशन भी शामिल हैं।

जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष आयोजन किया गया। केन्द्रीय श्रमिक संगठनों की प्रदर्शन रैली, सभा का बीकानेर में नेतृत्व किया। विभिन्न संगठनों के एटक से अविनाश व्यास, रामदेव राठौड़, जगदीश वर्मा, आनंद जयानी, जयशंकर खत्री, अम्बर शर्मा, नरेन्द्र, रूपाराम, मनीष तंवर, संदीप सिंह, रजत जोईया, अजय कुमार, गोपीकिशन, जितेंद्र, करण पाल, कैलाश सिंह, रविन्द्र कुमार, भीखाराम, प्रदीप, छोटूलाल, सुभाष दईया, अनुराग सैनी, बैंक एआईबीईए से, एटक से रहमान कोरी, प्रसन्न कुमार, अयूब अली, वीराराम, देवीलाल नाई रोडवेज, पर्वत सिंह, श्रवण सिंह जनरल इंश्योरेंस से रणवीर सिंह, शौकत अली, रोडवेज से श्याम दीन, गिरधारी, रोशन, हनुवंत, देवीलाल, संयुक्त किसान मोर्चा से शिवदान, एम. आर. से सवाई सिंह चारण, धीरज सिंह, कर्मचारी महासंघ से पृथ्वी सिंह लेघा, नौजवान सभा से सरजू गहलोत, नर्सेज एसोसिएशन से रावतराम डूडी, रेल से ब्रजेश ओझा अन्य साथियों ने विचार व्यक्त किए। प्रदर्शन के बाद संयुक्त किसान मोर्चा बीकानेर इकाई की ओर से अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते को सार्वजनिक कर जनमत संग्रह करवाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को सुपुर्द कर खेती किसानी के संरक्षण की मांग की।

- **हड़ताल में देश में 30 करोड़ से अधिक कर्मचारी व किसान, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों ने श्रमिक विरोधी कानून के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया**

लक्ष्मणराम के हत्यारों को उम्रकैद

लूणकरनसर, (कासं)। अपर सत्र न्यायाधीश संख्या 7 की पीठासीन अधिकारी रेणू सिंगला ने लूणकरनसर के चर्चित हत्याकांड में एक आरोपी को उम्रकैद और दो को मारपीट करने पर एक-एक साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

परिवादी रामलाल की ओर से 3 अक्टूबर, 2019 को लूणकरनसर थाना पुलिस को रिपोर्ट दी थी कि उसका भाई लक्ष्मणराम, आरोपी मदनसिंह बीका से रूपए मांगता था जिसका कई बार तकादा किया। तीन अक्टूबर, 2019 को मदनसिंह ने लक्ष्मणराम को फोन कर रूपए देने के लिए जैसा फांटे पर बुलाया। वह और लक्ष्मणराम कैम्पर गाड़ी लेकर वहां पहुंचे तो सोढ़वाली निवासी मदनसिंह, गिरधारी सिंह व खिंयेरा निवासी प्रेम कुलड़िया व अन्य कैम्पर गाड़ी में सवार होकर वहां आये। आरोपी ने लाठियों से लक्ष्मणराम पर जानलेवा हमला कर दिया। वह जान बचाकर कुछ दूर जाकर खड़ा हो गया। लक्ष्मणराम गिर पड़ा तो आरोपी कैम्पर गाड़ी में सवार हुए और लक्ष्मणराम को कुचल-कुचलकर मार दिया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद मदनसिंह बीका को आजीवन कारावास और 71,500 रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई। आरोपी गिरधारी व प्रेम को एक-एक साल का कठोर कारावास की सजा सुनाई।

सार-समाचार

बोर्ड परीक्षा व्यवस्थाएं जांची

अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शिवशंकर चौधरी ने बोर्ड परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की परीक्षा आज से प्रारम्भ होने पर शिक्षा विभाग प्रभावी मॉनिटरिंग कर परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन के लिए तत्पर है। आज प्रथम दिन से ही निरीक्षण दलों ने परीक्षा केन्द्रों का अवलोकन कर परीक्षा संचालन की सम्पूर्ण जानकारी हासिल की। पीएम श्री रा.सादुल उ.मा.वि.बीकानेर के प्रधानाचार्य सुशीला जयपाल ने बताया कि आज सादुल स्कूल के परीक्षा केन्द्र पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शिवशंकर चौधरी के नेतृत्व में निरीक्षण दल ने परीक्षा एवं परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान दल के सदस्य पप्पूराम पंवार और अशोक चौधरी ने परीक्षा संचालन का बारीकियों से निरीक्षण किया तथा समस्त व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। परीक्षा प्रभारी पवन मित्तल ने बताया कि सादुल स्कूल के परीक्षा केन्द्र पर बीकानेर शहर के सत्रह विद्यालयों के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। व. अ. सुभाष जोशी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के दसवीं कक्षा की परीक्षा में आज इस परीक्षा केन्द्र पर 536 विद्यार्थियों का पंजीकरण है जिसमें आज 09 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होने बताया कि निरीक्षण दल के सदस्यों ने परीक्षा व्यवस्था के साथ परीक्षा के संबंधित विभिन्न दस्तावेजों का भी अवलोकन कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये। इस अवसर पर सुलोचना सुथार, जयप्रकाश राजपुरोहित, हिमानी शर्मा, भुवनेश सांखला, विक्रम जोशी, महेन्द्र मोहता, गणेश खत्री और मोहम्मद सदीक ने परीक्षा संचालन संबंधित व्यवस्था के बारे में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाते हुए बताया कि इस केन्द्र पर बोर्ड के निर्देशानुसार पूर्ण गोपनीयता के साथ परीक्षा संचालन की जा रही है।

ऊंटों में बीमारी की जांच में जुटी टीम

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी), बीकानेर की विशेषज्ञ टीम आज ऊंटों में फैली अज्ञात बीमारी की जांच हेतु फलौदी जिले की ग्राम पंचायत जांबा के मोताई, जांबा की ढाणी एवं सिदा क्षेत्रों में पहुंची। केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राकेश रंजन ने बताया कि ग्राम प्रधान एवं जागरूक किसानों से प्राप्त सूचना के अनुसार हाल ही में कई ऊंटों की अज्ञात बीमारी से मृत्यु हुई है, जिससे पशुपालकों में चिंता व्याप्त है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टीम ने प्रभावित गांवों का दौरा कर बीमारी के कारणों की जांच प्रारंभ की है ताकि पशुपालकों को इससे होने वाली पशु हानि एवं आर्थिक नुकसान को रोका जा सके। वैज्ञानिक डॉ. सागर अशोक खुलापे ने बताया कि लगभग 50 ऊंटों के रक्त नमूने तथा श्वसन तंत्र के स्राव (रेस्पिरेटरी स्वैब्स) एकत्रित कर एनआरसीसी प्रयोगशाला में विस्तृत परीक्षण हेतु रखे गए हैं, जिससे वायरस, बैक्टीरिया अथवा अन्य संभावित कारणों की सटीक पहचान कर प्रभावी समाधान खोजा किया जा सके। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. काशीनाथ ने बताया कि फील्ड में बीमार ऊंटों का लक्षणों के आधार पर तत्काल उपचार किया गया। पशुपालकों को रोग प्रबंधन एवं संक्रमित पशुओं की देखभाल संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। केन्द्र के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनिया ने वैज्ञानिक टीम के माध्यम से अपनी बात रखते हुए कहा कि एनआरसीसी उष्ट्र प्रजाति के संरक्षण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति पूर्णतः सक्रिय और प्रतिबद्ध है। किसी भी आपात स्थिति में केन्द्र की वैज्ञानिक टीम त्वरित कार्रवाई कर ऊंटपालकों को आवश्यक उपचार एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करती है ताकि ऊंटपालकों की आजीविका बनी रहे।

रोजाना की मारपीट से परेशान पत्नी ने चादर से मुंह दबाकर की पति हत्या

बीकानेर,(कासं)। जिले के खाजूवाला में रोजाना की मारपीट से परेशान होकर एक महिला ने अपने पति की हत्या कर दी। घटना के छह महीने बाद अब पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया है। मामला खाजूवाला के चक 13 डीकेडी का है और घटना 11 अगस्त 25 को हुई थी।

पुलिस को 11 अगस्त 2025 को सूचना मिली थी कि एक युवक का शव बरामद हुआा है। जो जला हुआ है। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मौत को हादसा बताया गया था कि आग लगने के कारण राजकुमार की मौत हो गई। मृतक राजकुमार के पिता पप्पूराम ने अपने बेटे की मृत्यु पर संदेह जाहिर करते हुए खाजूवाला थाना में प्रकरण दर्ज करवाया था।

बीकानेर के नयाशहर थाना प्रभारी सुश्री कविता पूनिया व कौशल्या हैड कानि. ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया और महिला से पूछताछ की। मौके पर घटना स्थल निरीक्षण एफएसएल टीम द्वारा किया जाकर साक्ष्य जुटाए गये। जिसके आधार पर राजकुमार बाजीगर की मृत्यु सामान्य परिस्थितियों से भिन्न होना पाया गया।

जांच में मृतक राजकुमार की पत्नी वीरपाल की भूमिका संदिग्ध पाये जाने पर उसे तलब कर कविता पूनिया थानाधिकारी नयाशहर व कौशल्या हैड कानि. व रामकुमार सउनि. ने प्रश्नावली तैयार कर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की। जिसके जवाब संदिग्ध वीरपाल कौर नहीं दे पाई तथा अंत में वीरपाल कौर सच बताने के लिये मजबूर हो गई।

आरोपिया ने स्वीकार किया कि उसका पति रोजाना मारपीट करता था। इसी से तंग आकर उससे हमेशा के लिये पीछा छुडाने के लिये बैड पर बिछी चादर से पति राजकुमार का मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। कमरे में रखी अलमारी में आग लगाकर कमरा बाहर से बंद कर दिया व महेन्द्र बाजीगर की ढाणी में चली गई। सुबह वापस ढाणी आई तथा पति के मर जाने की खबर पिता व पुलिस को दी। अनुसंधान से आरोपिया वीरपाल कौर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है। पुलिस उप अधीक्षक महिला अपराध सेल संजीव चौहान, नयाशहर थानाधिकारी कविता पूनिया, महिला थानाधिकारी विशु वर्मा, एएसआई रामकुमार व हैड कांस्टेबल कौशल्या व भगवान सिंह की विशेष भूमिका रही।

- **बैड पर बिछी चादर से पति का मुंह दबाकर मारा, फिर कमरे में आग लगाकर बाहर से बंद कर खुद महेन्द्र बाजीगर की ढाणी में चली गई**
- **सुबह वापस ढाणी आई तथा पति के मर जाने की खबर पिता व पुलिस को दी**

जन आक्रोश रैली निकाली

बीकानेर, (कासं)। शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस शहर जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष अकबर अली खादी के नेतृत्व में गांधी मैदान से बीडीए तक जन आक्रोश रैली निकाली गई। जिसमें शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर नारेबाजी करते हुए बीडीए पहुंचकर आक्रोश व्यक्त करते हुए धरना-प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।

महासचिव एन. डी. कादरी ने बताया कि बीडीए को ज्ञापन में शहर के अलग-अलग वार्डों के गली मौहल्लों में सड़कें टूट चुकी है व क्षतिग्रस्त सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं। नालियां भी टूटी पड़ी है। सीवर लाइनें जाम तथा ओवरफ्लो हो रही है। वर्ष 2011 में नगर विकास न्यास द्वारा मोहता सराय क्षेत्र छोटा रानीसर बास में लगभग 100 से भी अधिक घरों को अतिक्रमणमी मानते हुए हटा दिया गया था। जिससे सैकड़ों परिवार बेघर हो गए थे। उनके अभी तक पुनर्वासित करने के लिए भूखंड आवंटित नहीं किये हैं।

पिछले लम्बे समय से बेघर किये लोग चक्कर लगा रहे हैं। बीडीए पर सैकड़ों की तादात में महिला पुरूष सभी वर्ग समाज के पीड़ित लोग धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।

गहलोत के बयान पर भाजपा का पलटवार

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान विधानसभा में पेश बजट पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने पलटवार किया है। गहलोत ने कहा था कि ये बजट धरातल पर उतरता नजर नहीं आ रहा है। इस पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा है कि गहलोत सरकार का बजट तो कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने तक ही सीमित होता था। भाजपा सरकार का बजट युवाओं को रोजगार से जोड़ने वाला है।

बीकानेर के भाजपा संभागीय मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत मौसम वैज्ञानिक है और मौसम के अनुसार ही बोलते हैं। कुछ दिन पहले तक बोला था कि उनकी सरकार में अधिकारी रहे अधिकारी ही अब बजट तैयार कर रहे हैं तो अच्छा ही कर रहे हैं।

अब बोल रहे हैं कि बजट धरातल पर नहीं उतरेगा। उनके समय में बजट व्यक्ति विशेष का बजट होता था। उनके समय में जो बजट था, वो उन लोगों को समर्पित होता था, जिनके कारण सरकार टिकी हुई होती है। वहीं ये बजट युवाओं को समर्पित है।

शर्मा ने कहा कि इस बजट के माध्यम से सरकार रामजल सेतु योजना वसुंधरा राजे के समय 36 हजार करोड़ रूपए की थी, जो अब एक लाख करोड़ रूपए की हो चुकी है। इस योजना को धरातल पर लाने के लिए 26 हजार करोड़ रूपए की राशि आवंटित की जा चुकी है। यमुना जल के लिए भी 32 हजार करोड़ रूपए की योजना है। हमारा प्रयास है कि हर खेत के अंदर पानी पहुंचाने का प्रयास इस सरकार का है।

- **भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि गहलोत सरकार का बजट तो कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने तक ही सीमित होता था**

ई.एन.टी सेवा शुरू

बीकानेर, (कासं)। गंगाशहर सैटेलाइट अस्पताल में साप्ताहिक चर्म रोग, हड्डी एवं कान नाक गला विभाग की चिकित्सा सेवा प्रारम्भ हो गई है।

डॉ. मुकेश वाल्मीकि ने बताया कि यह अस्पताल सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज (पी.बी.एम.अस्पताल) का सम्बद्ध अस्पताल है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन / 2026 /2042-5066 दिनांक :- 10.02.2026
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 2 एमएल मुरब्बा नं0 53 के किला नं0 12 में माप 30 इन्ट् 60 फीट भूखण्ड संख्या एसओ-01, रिद्धि-सिद्धि एन्क्लेव श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 6904 दिनांक 21.04.2009 को श्रीमती सुमन गुप्ता पत्नी श्री सुभाष गुप्ता एवं भूखण्ड संख्या एसओ-2 माप 30 इन्ट् 60 फीट का पट्टा संख्या 8710 दिनांक 18.05.2010 को श्री सुभाष गुप्ता एचएफएफ कर्ता श्री सुभाष गुप्ता के नाम से जारी है। श्री मनीष गर्ग पुत्र श्री उमेश कुमार निवासी म.न. 125 जाखड़ कॉलोनी, अग्रसेन नगर, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त दोनों भूखण्डों को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 29.12.2025 के द्वारा क्रय कर कुल माप 60 इन्ट् 60 फीट भूखण्ड के अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं0 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

नागणेची मंदिर जीर्णोद्धार के लिए नहीं मिला बजट

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 20026-27 के लिए की गई बजट घोषणा में बीकानेर के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक श्री नागणेची माता मंदिर के लिए इस बार भी कोई बजट नहीं दिया गया है। जबकि यह मंदिर बीकानेर की आस्था से जुड़ा प्रमुख मंदिर है जहां साल में चैत्र ओर शारदीय नवरात्र सहित चार मेले लगते है जिसमें लाखों श्रद्धालु दूर दराज क्षेत्रों से श्री नागणेची माता के दर्शन करने पहुंचते हैं।

लेकिन मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का अभाव है। मंदिर परिसर की दीवारें सीलन के कारण जर्जर अवस्था में आ गई है। नीचे चामुंडा माता मंदिर ओर शिव मंदिर परिसर में जीर्णोद्धार हुए बरस बीत गए। इन मंदिरों की छतों से बरसात के समय पानी रिसाव होता रहता है। मंदिर में भक्तों के लिए प्रसादी तैयार करने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं है। निज मंदिर में प्रसादी तैयार कर वितरित की जाती है जिसमें कोई अप्रिय घटना होने की आशंका रहती है।

श्री नागणेची मंदिर बीकानेर के जीर्णोद्धार एवं आने जाने वाले भक्तों को सुविधाएं प्रदान करने हेतु बजट उपलब्ध करवाने के लिए देवस्थान विभाग को हर बार अवगत कराया जाता है, लेकिन बीकानेर देवस्थान विभाग इस ओर ध्यान ही नहीं देता। मंदिर समिति से जुड़े भवानी सिंह, पवन चांडक ने बीकानेर के राज परिवार की कुल देवी श्री नागणेची मंदिर की बजट में उपेक्षा करने पर रोष जताया।

- **नागणेची मंदिर की बजट में उपेक्षा करने पर रोष जताया**

भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण 17 से

बीकानेर, (कासं)। वैज्ञानिक तरीकों से भेड़ एवं बकरी पालन के माध्यम से उद्यमिता विकास पर स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में सात दिवसीय प्रशिक्षण 17 फरवरी से आयोजित किया जायेगा।

प्रशिक्षण प्रभारी डॉ शंकरलाल ने बताया कि पशुपालकों और किसानों को प्रशिक्षण के दौरान भेड़ बकरी पालन पोषण के वैज्ञानिक तरीकों, प्रबंधन, उद्यमिता की विभिन्न विधाओं, सरकार की योजनाओं, बैंकिंग सेक्टर के माध्यम से ऋण प्रकिया की विस्तार से जानकारी दी जायेगी। प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक किसान पशुपालक 8946812157 पर संपर्क कर सकते हैं। उच्च गुणवत्ता वाले पशुधन तैयार करने, दूध के मूल्य संवर्धन उत्पाद बनाने की जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी जायेगी।

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। फतेहाबाद जिले की साइबर थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने के मामले में एक आरोपी को राजस्थान के बीकानेर जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

आरोपी की पहचान बीकानेर स्थित लाखोटियों का चौक निवासी वेदप्रकाश छगानी के रूप में हुई है। आरोपी ने रिटायर्ड वीएलडीए से ठगी की थी। साइबर थाना प्रभारी राहुल देव ने बताया कि भूना के वार्ड नंबर दस निवासी लेखराज की शिकायत साइबर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि वह वीएलडीए पद से सेवानिवृत हैं। 6 नवम्बर 2025 को उनके मोबाइल नंबर पर वॉट्सऐप कॉल आई, जिसमें कॉलर ने स्वयं को मुंबई साइबर सेल का अधिकारी बताया। उसने कहा कि उनके आधार कार्ड पर फर्जी खाता खोला गया है, जिससे आतंकवादी गतिविधियों में धनराशि ट्रांसफर की गई है।

आरोपी ने आरबीआई के नाम से फर्जी पत्र भेजकर विभिन्न खातों में राशि जमा करवाने का दबाव बनाया तथा पुलिस कार्रवाई का भय दिखाया।

डर के कारण शिकायतकर्ता ने आरोपियों द्वारा उपलब्ध करवाए गए विभिन्न बैंक खातों में 7 नवम्बर 2025 से 11 नवम्बर के बीच कुल 13 लाख 5 हजार रूपए आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब राशि वापस नहीं आई और आरोपियों द्वारा लगातार अतिरिक्त धनराशि की मांग की जाती रही। इसके बाद लेखराज को अपने साथ हुई ठगी का आभास हुआ और उन्होंने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। शुरूआती जांच के आधार पर साइबर पुलिस ने 17 नवम्बर 2025 को बीएनएस की धारा 318(4) के तहत केस दर्ज किया गया। इस मामले में दो आरोपी पहले भी काबू किए जा चुके हैं।

- **डिजिटल अरेस्ट करने का डर दिखा रिटायर कर्मचारी से 13 लाख रूपये ठगे**
- **फतेहाबाद पुलिस ने बीकानेर से ठग को पकड़ा**

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2026/5139 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 12-2-2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 14 के किला नं. 2 में भूखण्ड संख्या 36 का माप 27'-0''गुणा 45'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री कैलाश दास पुत्र श्री शिवजी दास एवं श्री दलीप दास पुत्र श्री शिवजी दास निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री कैलाश दास पुत्र श्री शिवजी दास एवं श्री दलीप दास पुत्र श्री शिवजी दास निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 14 के किला नं. 2 में भूखण्ड संख्या 36 का माप 27'-0''गुणा 45'-0''फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र की पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2026/4964 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक :.....
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रीना रानी पत्नी श्री पृथ्वीराज एवं श्री पृथ्वीराज पुत्र श्री रामदास निवासी गली नं. 7, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण			आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण		मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 07 के किला नं. 21 में माप 20 इन्ट् 37 फीट में से उपविभाजित माप 20 इन्ट् 18.6 फीट भूखण्ड संख्या सी-7, अशोक नगर -बी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 3803 दिनांक 21.03.2013 को श्री श्याम लाल पुत्र श्री भगत राम के नाम से जारी किया हुआ है।		श्रीमती रीना रानी एवं श्री पृथ्वीराज द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 02.07.2024 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाह गया है इस सम्बन्ध में श्रीमती रीना रानी पत्नी श्री पृथ्वीराज एवं श्री पृथ्वीराज पुत्र श्री रामदास निवासी गली नं. 7, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/की लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उत्तर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों की अभ्यास/हिसाब व्यक्ति के देखने के लिये कार्यालय समय में खुला रखी गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उत्तर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1021 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

वैज्ञानिक गुणवत्तापरक बीज उत्पादन करवाना सुनिश्चित करें : डॉ दुबे

बीकानेर, (कासं)। कुलगुरू डॉ आर. बी. दुबे ने गुरूवार को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के मैकेनाइज्ड एग्रीकल्चर फॉर्म रोजड़ी, यूनिवर्सिटी सेंट्रल फॉर्म खारा तथा यूनिवर्सिटी सीड फॉर्म बीछवाल का निरीक्षण किया।

कुलगुरू ने इन फार्मों में चल रहे बीज उत्पादन कार्यक्रम का जायजा लेते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध भूमि का अधिकतम उपयोग करते हुए वैज्ञानिक गुणवत्तापरक बीज उत्पादन करवाना सुनिश्चित करें। डॉ दुबे ने कहा कि बीज ब्रांड एम्बेसेडर के रूप में विश्वविद्यालय की पहचान बनाते हैं। ऐसे में बीजों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता ना हो। फसल उत्पादन की पूरी प्रक्रिया में बीज सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। किसान की फसल उत्पादकता भी अच्छी गुणवत्ता के बीजों पर काफी हद तक निर्भर करती हैं। इसे देखते हुए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक बीज उत्पादन कार्य को प्राथमिकता पर रखा।

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ आर. बी. दुबे ने रोजड़ी, खारा तथा बीछवाल फार्म में बीज उत्पादन का निरीक्षण किया।

उत्पादित बीजों के समुचित भंडारण आदि की जानकारी लेते हुए डॉ दुबे ने आवश्यक निर्देश दिए। रजिस्ट्रार डॉ देवाराम सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध भूमि का अधिकतम सदुपयोग हो। फसलों की क्षमता के अनुरूप बीज उत्पादन हो इसके लिए समुचित मॉनिटरिंग आवश्यक है।

अनुसंधान निदेशक डॉ एन. के. शर्मा ने कुलगुरू को रबी फसलों के तहत किया जा रहे बीज उत्पादन कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। डॉ शर्मा ने बताया कि रबी की फसल के लिए गेहूं, चना, सरसों आदि के बीज तैयार किये जा रहे हैं। इन फसलों द्वारा उत्पादित बीजों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए वैज्ञानिकों की समयबद्ध निगरानी, मार्गदर्शन व देखरेख में बीज उत्पादन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस दौरान डॉ सुनील खारिया, डॉ. जे. के. तिवारी भी मौजूद रहे। तीन ई-कुलगुरु ने रोजड़ी, खारा तथा बीछवाल फार्म में बीज उत्पादन कार्यक्रम का किया निरीक्षण।

होटल सीज करने के नोटिस पर बवाल

बीकानेर, (कासं)। रानी बाजार स्थित पूर्व पार्षद मनोज बिश्नोई का होटल सीज करने का नोटिस जारी होने पर बवाल मच गया।

समर्थकों सहित बिश्नोई बीकानेर विकास प्राधिकरण पहुंचे, जहां जमकर नारेबाजी हुई। उसके बाद सचिव कक्ष के बाहर ही धरने पर बैठ गए। बार एसोसिएशन ने